कार्यशाला | कौशल विकास कार्यशाला में दिखा उत्साह

विश्व एम्ब्रॉयडरी दिवस पर छात्राओं ने सीखीं कढ़ाई की बारीकियां

नवभारत, जबलपुर । शासकीय मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग में गुरुवार को विश्व एम्ब्रॉयडरी दिवस के अवसर पर बेसिक हैंड एम्ब्रॉयडरी स्टिचेज विषय पर कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की लगभग 35 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. संगीता देवोदिया (वसंत कन्या महाविद्यालय, कामाक्षी, वाराणसी) एवं डॉ. सृष्टि पुरवार (स्टेट अवॉर्डी एवं डिज़ाइनर, सेंटर ऑफ फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने छात्राओं को बेसिक हैंड एम्ब्रॉयडरी की विभिन्न स्टिचेज का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने कढ़ाई की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन करते हुए उनके उपयोग, महत्व और डिज़ाइनिंग में उनकी भूमिका की विस्तार से जानकारी दी।

स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम है

कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने स्वयं विभिन्न स्टिचेज का अभ्यास कर अपनी रचनात्मकता और हुनर का परिचय दिया। वक्ताओं ने बताया कि हस्तकला केवल एक कला नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम भी है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पारंपरिक कढ़ाई कला के प्रति रुचि विकसित करना, उनके कौशल को निखारना तथा रोजगार के नए अवसरों से जोड़ना रहा। यह कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें डॉ. रीना भैरम, सुश्री मंजू बरखाने तथा डॉ. रचना अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के सफल संचालन पर छात्राओं ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी पहल बताया।

इनका कहना है

वर्ल्ड एम्ब्रॉयडरी डे पर बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बेसिक हैंड एम्ब्रॉयडरी उत्साह के साथ सीखी।

डॉ. संगीता देवोदिया
वसंत कन्या महाविद्यालय, वाराणसी

हर वर्ष की तरह इस साल भी छात्राओं ने एम्ब्रॉयडरी डे पर एक से बढ़कर एक कला और कौशल का परिचय दिया।

डॉ. सृष्टि पुरवार, स्टेट अवॉर्डी एवं डिज़ाइनर, सेंटर ऑफ फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

मैंने इस कार्यशाला में हैंड बैग स्टिचिंग समेत अन्य कई तरह की जानकारियाँ प्राप्त की बहुत मज़ा आया।

आर्य सोंधिया, छात्रा

टीचर्स द्वारा बहुत ही बारीकी से हम सभी को प्रशिक्षण दिया गया। हमेशा की तरह इस कार्यशाला से बहुत कुछ सीखने को मिला।

रिदिमा गुप्ता, छात्रा

वर्ल्ड एम्ब्रॉयडरी डे पर मैंने स्वरोजगार के कई अवसरों को देखा। इस कार्यशाला के माध्यम से में अपने जीवन में एक मुकाम हासिल कर सकती हूँ।

सृष्टि अग्रवाल, छात्रा

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ खुला नया मॉल 11

शहरवासियों को मिली वर्ल्ड क्लास शॉपिंग और मनोरंजन की सौगात

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी की बदलती पहचान और तेजी से हो रहे शहरी विकास को नई गति देते हुए सत्यप्रकाश समूह के बहुप्रतीक्षित एवं अत्याधुनिक मॉल 11 का शुभारंभ विश्वविख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के. के. कौल के करकमलों से मॉल के विधिवत लोकार्पण के साथ हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विकसित मॉल इलेवन जबलपुर के रिटेल, मनोरंजन और लाइफस्टाइल सेक्टर में एक नए युग की शुरुआत है। यहाँ शहरवासियों को अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। महानगर का रूप ले रही संस्कारधानी को जिन आधुनिक सुविधाओं और अधोसंरचनाओं की आवश्यकता है, उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में मॉल इलेवन एक सशक्त प्रयास है जो संस्कारधानी की बदलती पहचान का एक आईना भी है।

अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स स्क्रीन और राष्ट्रीय ब्रांड्स शामिल- अत्यंत सुविधाजनक एवं स्पेशियस

पीवीआर इनॉक्स के तीन अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स स्क्रीन, शॉपर्स स्टॉप, फॉरेस्ट एसेंशियल, मार्केट99, रेमंड, एसिक्स सहित कई प्रतिष्ठित ब्रांड्स के आउटलेट मॉल की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं। मॉल का विशाल फूड ज़ोन हर आयु वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जहाँ पिज़्ज़ा हट, कोस्टा कॉफी, बिरयानी बाय किलो, नूडल स्टेशन एवं अन्य प्रतिष्ठित ब्रांड्स के साथ भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के साथ-साथ बिरयानी, स्नैक्स, डेज़र्ट्स और प्रीमियम कॉफी का आरामदायक सीटिंग व्यवस्था के साथ आनंद लिया जा सकता है।

सुरक्षित और व्यवस्थित पार्किंग की मिलेगी सुविधा

शॉपिंग, मनोरंजन, गेमिंग और डाइनिंग की समग्र सुविधाओं के कारण मॉल इलेवन केवल एक शॉपिंग डेस्टिनेशन नहीं, बल्कि परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का नया सामाजिक केंद्र बनकर उभरेगा। मॉल की डबल-लेयर पार्किंग व्यवस्था इसकी एक और विशिष्ट विशेषता है। शहर में अपनी तरह की इस आधुनिक पार्किंग सुविधा से दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक पार्किंग उपलब्ध होगी। हर आयु वर्ग और प्रत्येक बजट के अनुरूप उपलब्ध विकल्प इसे शहर का समग्र लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन बनाते हैं। पांचवें फ्लोर पर टाई वन थ्रेड लीव वन मेमोरी वाल आपकी विजिट को यादगार बनाने और मॉल में यादगार छोड़ने के लिए खास तौर से बनाई गई है। उद्घाटन समारोह में सत्यप्रकाश परिवार की ओर से नरेश ग्रोवर एवं कमल ग्रोवर ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। वहीं अखिल ग्रोवर एवं निखिल ग्रोवर ने नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि मॉल इलेवन उनकी अपेक्षाओं पर पूर्णत: खरा उतरेगा, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक, उद्योग जगत के सम्मानित जन एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

एक नजर में

गौरीघाट कालीधाम में दंडी स्वामी कालिकानंद का चातुर्मास शुरू

नवभारत, जबलपुर। श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट के संस्थापक एवं संचालक दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज का चातुर्मास गुरुवार, 30 जुलाई से सावन मास की तिथि के साथ प्रारंभ हो गया है।

आराधना से शिव करते हैं जगत का कल्याण : स्वामी नरसिंह देवाचार्य

नवभारत, जबलपुर। श्रावण मास भगवान शिव को सबसे प्रिय है और शिव सुता नर्मदा के किनारे नर्मदा जल से अभिषेक करने मात्र से जन्म-जन्मांतर के पापों का क्षय हो जाता है, ये बातें जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज ने नरसिंह मंदिर में श्रावण मास महोत्सव के प्रथम दिवस रुद्राभिषेक में कहीं। महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास हमें सावधान करते हैं कि संसार में ऐसे लोग भी होते हैं जिन्हें बिना कारण दूसरों का अहित करने में ही सुख मिलता है, ऐसे व्यक्तियों से द्वेष नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण दूरी ही जीवन की शांति का मार्ग है। उन्होंने आगे कहा कि श्रावण मास हमें भगवान शिव की भाँति विष को कंठ में धारण कर अमृतस्वरूप करुणा और धैर्य रखकर जगत कल्याण का संदेश देता है, इसलिए हमें इस पावन महीने में संकल्प लेना चाहिए कि हम किसी के जीवन में पीड़ा नहीं, बल्कि प्रेम, सहयोग और सद्भाव का कारण बनेंगे। शास्त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रुद्राभिषेक, महापूजन, अभिषेक एवं महाआरती महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई है। इस पावन अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव के महाभिषेक में श्रीराम पांडेय, उर्मिला यादव, सतीश मिश्रा, आचार्य रामफल शास्त्री और कामता शास्त्री सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में गणेश श्रृंगार के साथ सावन महोत्सव शुरू

नवभारत, जबलपुर। श्रावण मास के पावन अवसर पर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भगवान गुप्तेश्वर महादेव का दिव्य 'गणेश श्रृंगार' श्रद्धा और भव्यता के साथ किया गया। भगवान के इस मनोहारी स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, विद्युत सज्जा एवं पारंपरिक अलंकरण से सजाया गया जिससे वातावरण पूर्णत: शिवमय हो गया। गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी मुकुंद दास महाराज द्वारा सायंकालीन महाआरती संपन्न कर तीस दिवसीय सावन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया।

महाआरती के पश्चात आगामी शाही सवारी यात्रा के निमंत्रण स्वरूप भगवान गुप्तेश्वर महादेव को शाही सवारी का आमंत्रण-पत्र अर्पित किया गया तथा महोत्सव के सफल संचालन के लिए मंगलकामना की गई। पूज्य महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सर्वश्रेष्ठ अवसर है और इस पूरे माह विभिन्न दिव्य श्रृंगार, धार्मिक अनुष्ठान एवं भक्तिमय कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति से जोड़ा जाएगा। गुप्तेश्वर सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से सावन माह के दौरान प्रतिदिन होने वाले दिव्य श्रृंगार, महाआरती एवं धार्मिक आयोजनों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में कमलेश अग्रवाल, एड. राजेश तिवारी, सुषमा केसरवानी, सर्वेश रजक एवं मनप्रीत बाजवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

31 टिकट चेकिंग कर्मचारियों का हुआ सम्मान

नवभारत, जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में वाणिज्य विभाग द्वारा प्रथम तिमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टिकट चेकिंग कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मदन महल के प्रभारी आर.के. वर्मा और पिपरिया के प्रभारी मनोज नागोत्रा को कुशल प्रबंधन, प्रभावी नेतृत्व एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।प्रथम तिमाही में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कुल 31 टिकट चेकिंग कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। सम्मानित कर्मचारियों में एस.पी. सिंह, अनिल पटेल, के.के. शर्मा, रूमीत सिंह, पिंटू कुमार, शशि यादव, मनोज पांडे, धनंजय कुमार और सुबोध कुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह एवं गुन्नार सिंह ने भी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

तेज होगा टिकट जांच अभियान

डॉ. मधुर वर्मा ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान संगठन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक कार्य संस्कृति और बेहतर सेवा भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराने, राजस्व संरक्षण को और अधिक मजबूत बनाने तथा टिकट जांच अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। समारोह का समापन सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई देकर किया गया।

संस्कारधानी से महाकाल नगरी तक निकली पैदल कांवड़ यात्रा

यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

नवभारत, जबलपुर। सावन माह की पावन बेला में भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने मिला जब संस्कारधानी जबलपुर से महाकाल की नगरी उज्जैन तक पहली पैदल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ तिलवारा घाट से किया गया।

श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के तट तिलवारा घाट पर पूजा-अर्चना कर संकल्प लिया और हर-हर महादेव तथा जय श्री महाकाल के जयघोष के बीच यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा का नेतृत्व पार्षद जीतू कटारे ने किया। यात्रा में लखन प्रजापति, दिनेश महावर, पिंकी, नितिन चक्रवर्ती, अक्षय बाबा, सुरेंद्र चक्रवर्ती, संतोष चक्रवर्ती, वासुकी, सतीश, आशीष रजक, आजाद, रवि सोनी, खेलन प्रजापति, राजेश गोस्वामी, विभोर, बब्लू गोस्वामी, मनोज पटेल और सूरज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यात्रा पर की गई पुष्पवर्षा

अंधमुख बायपास पहुंचने पर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय नागरिकों ने जेसीबी के माध्यम से गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया।इस दौरान मार्ग में व्यापारी बंधुओं, मातृशक्ति और स्थानीय जनों द्वारा श्रद्धापूर्वक जलपान एवं स्वागत की व्यवस्था भी की गई थी।

नरसिंह मंदिर में आज होगी जन्माष्टमी शोभायात्रा की प्रथम बैठक

नवभारत, जबलपुर। श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में संस्कारधानी में 1980 से भगवान श्री कृष्ण के पावन जन्मोत्सव पर निकाली जा रही परंपरागत ऐतिहासिक, विशाल शोभा यात्रा को पिछले वर्षों की अपेक्षा और भी भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आवश्यक प्रथम बैठक आज शुक्रवार 31 जुलाई को शाम 5 बजे नरसिंह मंदिर में आयोजित की गई है। आगामी 4 सितंबर को निकाली जाने वाली इस शोभा यात्रा की तैयारी के लिए नगर के सहयोगी मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों की यह बैठक बुलाई गई है। यह पूरी यात्रा संस्थापक

नरसिंहपीठाधीश्वर महंत रामचंद्रदास शास्त्री व जगतगुरु श्यामदेवाचार्य महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में तथा जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के व सभी पूज्य संतों महंतो के सानिध्य और नेतृत्व में निकाली जाएगी। इस वर्ष शोभा यात्रा और भी भव्य दिव्य और ऐतिहासिक हो, इसके लिए सभी सहयोगी भक्तों से बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर अपने सुझाव देने का अनुरोध किया गया है। यह बैठक जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के संरक्षण और सानिध्य में तथा महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी की अध्यक्षता में संपन्न होगी, जिसमें श्री सनातन धर्म महासभा के सभी आजीवन सदस्यों, महिला मंडल और युवा मंडल के सभी सदस्यों, मंदिरों संस्थाओं के पदाधिकारियों से शामिल होने की अपील की गई है।

घोड़ा अस्पताल वाले बाबा के उर्स पर निकला पारंपरिक जुलूस

नवभारत, जबलपुर। हज़रत सैय्यद अली हसन (घोड़ा अस्पताल वाले बाबा) के उर्स मुबारक के अवसर पर छोटी ओमती स्थित मरहूम मुन्ने अली के मकान से दोपहर ज़ुहर की नमाज़ के बाद अकीदत के साथ पारंपरिक संदल व चादर का जुलूस निकाला गया। बैंड-बाजे और शहनाई की सुमधुर धुनों के बीच अकीदतमंदों ने नज़राना-ए-अकीदत पेश किया। यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ दरगाह शरीफ़ पहुँचा, जहाँ परंपरानुसार मज़ार शरीफ़ पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई। इसके बाद फ़ातिहा और नज़र-ओ-नियाज़ पेश कर तबर्रुक़ का वितरण किया गया। उर्स के अंतिम दिन आज जुमा की नमाज़ के बाद कुल शरीफ़ का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम में पीर-ए-तरीक़त सूफ़ी मोहसिन मियां, सैय्यद आज़ाद अली, मुईन ख़ान, दरगाह के ख़ादिम अब्दुल रशीद, मौलाना सूफ़ी रज़ा क़ादरी, सलीम ख़ान, मोहम्मद शरीफ़, जावेद चिश्ती, सूफ़ी मुसाईद, उबेद मोहसिन, बादशाह ख़ान, सूफ़ी बिलाल सहित सैकड़ों अकीदतमंद उपस्थित रहे।

पौधे लगाना आने वाली पीढ़ियों के प्रति नैतिक जिम्मेदारी : डॉ. मिश्रा

नवभारत, जबलपुर। वृक्षारोपण, प्रकृति, समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है तथा आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, शुद्ध जल प्रदान करेगा, ये बातें कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहीं। मौका था जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के इमलिया फार्म में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का। इस कार्यक्रम को अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं अधिकारी, कर्मचारी और एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों ने चीकू, आम एवं नींबू के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक किया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संचालक अनुसंधान सेवाएं व कुलसचिव डॉ. अश्वनी जैन, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. दीपक राठी, डॉ. बी.एस.द्विवेदी, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. वी.पी. बिसेन और डॉ. राहुल डोंगरे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

धर्म | शिव आराधना के साथ शुरू हुआ सावन, कचनार सिटी में दिनभर रही चहल-पहल

सावन माह के पहले दिन कचनार सिटी में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत , जबलपुर । शहर में सावन के पहले दिन गुरुवार को भगवान शिव की आराधना को लेकर उत्साह नजर आया। विजय नगर स्थित कचनार सिटी में भगवान शिव की विशाल प्रतिमा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कचनार सिटी में स्थापित भगवान शिव की विशाल प्रतिमा शहरवासियों के लिए लंबे समय से आकर्षण का केंद्र रही है। प्रतिमा की भव्यता के कारण सामान्य दिनों में भी लोग यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन सावन के महीने में धार्मिक आस्था के चलते यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। सावन के पहले दिन भी मंदिर परिसर में यही नजारा देखने को मिला। लोग परिवार के साथ भगवान शिव के दर्शन करने पहुंचे।

आस्था के साथ पहुंचे श्रद्धालु

सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कई लोग भगवान शिव को जल अर्पित करने के लिए पहुंचे तो कुछ ने बेलपत्र, फूल और अन्य पूजन सामग्री चढ़ाकर पूजा की। महिलाओं और बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में युवा भी दर्शन के लिए पहुंचे नज़र आए। परिवार के साथ आए लोगों ने पूजा के बाद परिसर में कुछ समय बिताया और भगवान शिव के दर्शन किए।

सावन को लेकर दिखा खास उत्साह

सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। यही वजह है कि पहले दिन से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बढ़ गई। कचनार सिटी में भी श्रद्धालुओं के पहुंचने से परिसर में धार्मिक माहौल नजर आया। लोग कुछ देर भगवान शिव की प्रतिमा के सामने खड़े होकर दर्शन करते और पूजा के बाद वापस लौटते रहे।

इनका कहना है



हम यहां आते रहते है और भगवान से परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। सावन के पहले दिन भगवान शिव के दर्शन करने की अपनी अलग ही आस्था है। भगवान शिव के दर्शन कर मन को बहुत शांति मिलती है ।

गुलाब , श्रद्धालु

पूरे श्रावण मास घर-घर में गूंजेगा हरिनाम संकीर्तन

नवभारत, जबलपुर। चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल, जाबालिपुरम् के तत्वावधान में पावन श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्रति वर्षानुसार 10वें वर्ष पूरे श्रावण मास प्रतिदिन हरिनाम संकीर्तन का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्रृंखला के प्रथम दिवस विजय नगर, मानस चौक स्थित रीता-पं.राकेश मिश्रा के निवास पर संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सानिध्य में मंगलाचरण पूजन अर्चन कर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान उपस्थित समस्त श्रद्धालुगण हरिनाम की मधुर ध्वनि पर भक्ति रस में सराबोर हुए। इस दौरान संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि 30 जुलाई से 27 अगस्त तक रोज सुबह 8:30 बजे नगर के घरों-घरों में भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। आज द्वितीय दिवस 31 जुलाई को पं. राहुल चौबे के सौजन्य से शिव शारदा मंदिर, हनुमानताल में सुबह 8:30 बजे से श्री हरिनाम संकीर्तन आयोजित है। मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर हरिनाम संकीर्तन का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर सतीश दुबे, कार्तिक अग्निहोत्री, पवन दुबे, प्रभाकर चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश नामदेव, के एल दीक्षित, सुरेन्द्र गिरी, मोहित तिवारी, अमित विश्नोई, जितेंद्र शर्मा, पप्पू चौबे, विशाल पंड्या और राजेंद्र सोनी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।